संख्याः 1920 / सात–औ0वि0 / 84–ख / 2005

प्रेषक,

संजीव चोपड़ा,
सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

अपर निदेशक,
भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,
उद्योग निदेशालय,
उत्तरांचल, देहरादून।

औद्योगिक विकास अनुभाग–1

देहरादून : दिनांकः 10, जून, 2005

**विषयः** राज्य स्तरीय भूवैज्ञानिक कार्यक्रम मण्डल (State Geological Programming Board), उत्तरांचल का गठन विषयक।

महोदय,

प्रदेश में खनिज अन्वेषण से सम्बद्ध समस्त राज्य स्तरीय तथा केन्द्रीय विभागों एवं उपक्रमों के मध्य सामंजस्य बनाये रखने तथा अनावश्यक दोहराव (duplication) न होने देने हेतु एक राज्य स्तरीय भूवैज्ञानिक कार्यक्रम मण्डल का गठन नवसृजित राज्य उत्तरांचल के लिये किया जाता है। पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश राज्य में भी इस तरह का राज्य स्तरीय भूवैज्ञानिक कार्यक्रम मण्डल कार्यरत था। इस मण्डल की बैठक प्रतिवर्ष कम से कम एक बार मई अथवा जून में आयोजित की जायेगी। इस बैठक में प्रदेश में खनिज अन्वेषण से सम्बद्ध समस्त राज्य स्तरीय तथा केन्द्रीय विभागों एवं उपक्रमों के द्वारा विगत वर्ष में किये गये भूवैज्ञानिक कार्यक्रमों की समीक्षा की जायेगी तथा आगामी वर्ष में लिये जाने वाले भूवैज्ञानिक कार्यक्रमों पर चर्चा कर उसे अन्तिम रूप दिया जायेगा। यह प्रक्रिया पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश राज्य में भी प्रचलित थी।

उत्तरांचल राज्य स्तरीय भूवैज्ञानिक कार्यक्रम मण्डल (Uttaranchal State Geological Programming Board) के गठन हेतु निम्नलिखित पदेन अधिकारियों / संस्थाओं को नामित किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अवस्थापना विकास आयुक्त (IDC) | अध्यक्ष। |
| 2. | सचिव, औद्योगिक विकास | उपाध्यक्ष। |
| 3. | उप महानिदेशक, जी.एस.आई. नौर्दन रीजन लखनऊ | सदस्य। |
| 4. | क्षेत्रीय खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो देहरादून | सदस्य। |
| 5. | निदेशक, वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान देहरादून | सदस्य। |
| 6. | निदेशक, एक्सप्लोरेशन, ओ.एन.जी.सी. तेल भवन, देहरादून | सदस्य। |
| 7. | निदेशक, इण्डियन इस्ट्यूट ऑफ रिमोट सैनसिंग देहरादून | सदस्य। |
| 8. | प्रबन्ध निदेशक, गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि. देहरादून | सदस्य। |
| 9. | प्रबन्ध निदेशक, कुमॉऊ मण्डल विकास निगम लि. देहरादून | सदस्य। |
| 10. | प्रबन्ध निदेशक, वन विकास निगम लि. देहरादून | सदस्य। |
| 11. | प्रबन्ध निदेशक, सिडकुल, देहरादून | सदस्य। |
| 12. | अधिशासी निदेशक, आपदा प्रबन्धन एवं न्यूनीकरण केन्द्र देहरादून | सदस्य। |
| 13. | विभागाध्यक्ष, अर्थ साइन्सेज विभाग, आई.आई.टी. रूड़की | सदस्य। |
| 14. | संयुक्त सचिव, खान मंत्रालय, शास्त्री भवन नई दिल्ली, भारत सरकार | विशेष आमंत्री। |
| 15. | सलाहकार (कोयला एवं खनिज) योजना आयोग नई दिल्ली | विशेष आमंत्री। |
| 16. | संयुक्त निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, देहरादून | सदस्य सचिव। |

उपर्युक्तानुसार उल्लिखित विभागों के प्रमुख इस नवगठित मण्डल हेतु अपने प्रतिनिधियों का नामांकन कर नामांकित प्रतिनिधियों के नाम, पदनाम, पदस्थापना आदि की जानकारी सदस्य सचिव को उपलब्ध करायेंगे। कृपया इस सम्बन्ध में अपने स्तर से भी आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(संजीव चोपड़ा)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः 1920(1)/सात–औ0वि0/84–ख/2005, तद्‌दिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अवस्थापना विकास आयुक्त (IDC)
2. सचिव, औद्योगिक विकास।
3. उप महानिदेशक, जी.एस.आई. नौर्दन रीजन लखनऊ।
4. क्षेत्रीय खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो देहरादून।
5. निदेशक, वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान देहरादून।
6. निदेशक, एक्सप्लोरेशन, ओ.एन.जी.सी. तेल भवन, देहरादून।
7. निदेशक, इण्डियन इस्ट्यूट ऑफ रिमोट सैनसिंग देहरादून।
8. प्रबन्ध निदेशक, गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि. देहरादून।
9. प्रबन्ध निदेशक, कुमॉऊ मण्डल विकास निगम लि. देहरादून।
10. प्रबन्ध निदेशक, वन विकास निगम लि. देहरादून।
11. प्रबन्ध निदेशक, सिडकुल, देहरादून।
12. अधिशासी निदेशक, आपदा प्रबन्धन एवं न्यूनीकरण केन्द्र देहरादून।
13. विभागाध्यक्ष, अर्थ साइन्सेज विभाग, आई.आई.टी. रूड़की।
14. संयुक्त सचिव, खान मंत्रालय, शास्त्री भवन नई दिल्ली, भारत सरकार।
15. सलाहकार (कोयला एवं खनिज) योजना आयोग नई दिल्ली।
16. संयुक्त निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, देहरादून।

आज्ञा से,

(संजीव चोपड़ा)
सचिव।